<u>मुख्यमंत्री की सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से अपील</u>

संकट की इस घड़ी में जरूरतमंदों तक भोजन एवं राशन पहुंचाने में आगे आकर करें सहयोग

जयपुर, 24 मार्च। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सभी राजनीतिक दलों के सासंदों, विधायकों, नगरीय निकाय प्रमुखों, जिला प्रमुखों, प्रधानों, जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्यों, पार्षदों एवं वार्ड पंचों से लेकर सरपंचों सहित प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वैश्विक महामारी से उत्पन्न संकट की इस घड़ी में गरीब, बेसहारा एवं असहाय लोगों तक भोजन, राशन एवं अन्य जरूरत की सामग्री पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाएं।

श्री गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं राज्य स्तर से लेकर स्थानीय स्तर के सामाजिक संगठनों के साथ ही पटवारी, ग्रामसेवक, तहसीलदार, बीडीओ, एसडीओ एवं पुलिस के बीट कान्स्टेबल का आह्वान किया कि वे कच्ची बस्तियों में रहने वाले गरीबों, कचरा बीनने वालों, रिक्शा चालकों, निराश्रित एवं घुमंतु लोगों सहित किसी भी भूखे व्यक्ति तक भोजन एवं राशन पहुंचाने के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लें। उन्होंने भोजन और राशन के पैकेट जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए अभी उपलब्ध संसाधनों के साथ ही सांसद एवं विधायक कोष का भी उपयोग करने को कहा।

श्री गहलोत ने कहा कि पूरे देश में अगले 21 दिन तक लॉकडाउन रहेगा, ऐसे में प्रदेश के गरीब एवं असहाय लोगों पर इसका सर्वाधिक प्रभाव पड़ेगा। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह निर्वहन करते हुए किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य स्तर पर वॉर रूम जयपुर में स्थापित किया जा चुका है, जहां से लॉकडाउन के दौरान जरूरत की वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति पर प्रमुख शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी के निर्देशन में पूरी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी एडीएम की निगरानी में वॉर रूम बनाए गए हैं जहां जिला प्रशासन के साथ—साथ पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी 24 घंटे तैनात रहेंगे।

बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा, मुख्य सचिव श्री डीबी गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह श्री राजीव स्वरूप, पुलिस महानिदेशक श्री भूपेन्द्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री निरंजन आर्य, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री रोहित कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————